# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 2-8-24 | 3 | 7-8 |

# आटोमेशन सिस्टम से लेकर ड्रोन तकनीकी का दिया प्रशिक्षण



मुख्यातिथि डा. एसके पाहुजा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र द्वारा 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डा. एसके पाहुजा रहे।

अनुसंधान निदेशक डा. एसके पाहुजा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को आटोमेशन सिस्टम, ड्रोन का कृषि में उपयोग, टपका सिंचाई, वर्टिकल फार्मिंग, डिजिटल एग्रीकल्चर, पालीहाउस में फलों व सब्जियों का उत्पादन, उनका तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, एक्वापानिक्स एवं वेजिटेबल ग्राफ्टिंग जैसे नवीनतम विषयों पर प्रशिक्षण दिया। प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण-पत्र एवं बागवानी उपकरण किट प्रदान की। इसके साथ-साथ किसानों को सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र घरौंडा (करनाल) एवं अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र गिगनाऊ (लोहारू) का भी दौरा कराया। जहां पर उन्हें सरकार द्वारा बागवानी विकास के लिए दी जाने वाली सब्सिडी एवं अन्य सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों एवं समेकित कृषि के द्वारा किसानों को अपनी आय में बढ़ोतरी करने के लिए आवश्यक जानकारी दी। इस अवसर पर सब्जी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एसके तेहलान, डा. डीएस दहिया, डा. राजपाल दलाल, डा. सुशील शर्मा, डा. सतपाल बलौदा, डा. प्रिंस, डा. विकास कंबोज, डा. आदेश कुमार, डा. विकास शर्मा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 2.8.24 | 11 | 2-5 |


# कृषि प्रौद्योगिकी पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

- कार्यक्रम में 30 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र द्वारा 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं एनसीपीएएच द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर गुरुवार को विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ एसके पाहुजा मुख्यातिथि रहें।



हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. एसके पाहुजा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए।

अनुसंधान निदेशक डॉ एसके पाहुजा ने बताया कि किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकी जानकारी देने के लिए आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ऑटोमेशन सिस्टम, ड्रोन का कृषि में उपयोग, टपका सिंचाई, वर्टिकल फार्मिंग, डिजिटल एग्रीकल्चर, पॉलीहाउस में फलों व सब्जियों का उत्पादन, उनका तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, एक्वापॉनिक्स एवं वेजिटेबल ग्राफ्टिंग जैसे नवीनतम विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण-पत्र एवं बागवानी उपकरण किट प्रदान की गई। इस अवसर पर सब्जी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एसके तेहलान सहित डॉ. डीएस दहियां, डॉ. राजपाल दलाल, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. सतपाल बलौदा, डॉ. प्रिंस, डॉ. विकास कंबोज, डॉ. आदेश कुमार एवं डॉ. विकास शर्मा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 2.8.24 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' पर प्रशिक्षण सम्पन्न



*मुख्यातिथि डा. एसके पाहुजा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए*

हिसार, 1 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र द्वारा 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुसंधान निदेशक डॉ एस.के. पाहुजा ने बताया कि किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकी जानकारी देने के लिए आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ऑटोमेशन सिस्टम, ड्रोन का कृषि में उपयोग, टपका सिंचाई, वर्टिकल फार्मिंग, डिजिटल एग्रीकल्चर, पॉलीहाउस में फलों व सब्जियों का उत्पादन, उनका तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, एक्वापॉनिक्स एवं वेजिटेबल ग्राफ्टिंग जैसे नवीनतम विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण-पत्र एवं बागवानी उपकरण किट प्रदान की गई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 2-8-24 | 4 | 7-8 |

## बागवानी उपकरण किट देकर सम्मानित किया




हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र द्वारा 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर सभी 30 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान बागवानी उपकरण किट भी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ एसके पाहुजा ने प्रमाणपत्र वितरित किए। प्रशिक्षण में किसानों को ऑटोमेशन सिस्टम, ड्रोन का कृषि में उपयोग, टपका सिंचाई, वर्टिकल फार्मिंग, डिजिटल एग्रीकल्चर, पॉलीहाउस में फलों व सब्जियों का उत्पादन, उनका तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, वेजिटेबल ग्राफ्टिंग पर प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सब्जी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एसके तेहलान, डॉ. डीएस दहिया, डॉ. राजपाल दलाल, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. सतपाल बलौदा, डॉ. प्रिंस, डॉ. विकास कंबोज, डॉ. आदेश कुमार, डॉ. विकास शर्मा मौजूद रहे। ब्यूरो

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 2.8.24 | 7 | 5-7 |

# हकृवि में 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' पर सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हिसार (सच कहूँ न्यूज)।



मुख्यातिथि डॉ. एसके पाहुजा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र द्वारा 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं एनसीपीएएच द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ एस.के. पाहुजा मुख्यातिथि रहे। अनुसंधान निदेशक डॉ एस.के. पाहुजा ने बताया कि किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकी जानकारी देने के लिए आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ऑटोमेशन सिस्टम, ड्रोन का कृषि में उपयोग, टपका सिंचाई, वर्टिकल फार्मिंग, डिजिटल एग्रीकल्चर, पॉलीहाउस में फलों व सब्जियों का उत्पादन, उनका तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, एक्वापॉनिक्स एवं वेजिटेबल ग्राफ्टिंग जैसे नवीनतम विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण-पत्र एवं बागवानी उपकरण किट प्रदान की गई। इसके साथ-साथ किसानों को सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र घरौंडा (करनाल) एवं अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र गिगनाऊ (लोहारू) का भी दौरा कराया गया। इस अवसर पर सब्जी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एस.के. तेहलान सहित डॉ डीएस दहिया, डॉ. राजपाल दलाल, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. सतपाल बलौदा, डॉ. प्रिंस, डॉ. विकास कंबोज, डॉ. आदेश कुमार एवं डॉ. विकास शर्मा मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 2.8.24 | 5 | 1-5 |

# हकृवि में 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' पर प्रशिक्षण सम्पन्न

हिसार, 1 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र द्वारा 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं एनसीपीएएच द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ एस.के. पाहुजा मुख्यातिथि रहे।



मुख्यातिथि डॉ. एसके पाहुजा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए।

अनुसंधान निदेशक डॉ एस.के. पाहुजा ने बताया कि किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकी जानकारी देने के लिए आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ऑटोमेशन सिस्टम, ड्रोन का कृषि में उपयोग, टपका सिंचाई, वर्टिकल फार्मिंग, डिजिटल एग्रीकल्चर, पॉलीहाउस में फलों व सब्जियों का उत्पादन, उनका तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, एक्वापॉनिक्स एवं वेजिटेबल ग्राफ्टिंग जैसे नवीनतम विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण-पत्र एवं बागवानी उपकरण किट प्रदान की गई। इसके साथ-साथ किसानों को सब्जी उत्कृष्टता केन्द्र घरौंडा (करनाल) एवं अर्ध-शुष्क बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र गिगनाऊ (लोहारू) का भी दौरा कराया गया।

कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों एवं समेकित कृषि के द्वारा किसानों को अपनी आय में बढ़ोतरी करने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पेर सब्जी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एस.के. तेहलान सहित डॉ डीएस दहिया, डॉ. राजपाल दलाल, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. सतपाल बलौदा, डॉ. प्रिंस, डॉ. विकास कंबोज, डॉ. आदेश कुमार एवं डॉ. विकास शर्मा मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 01.08.2024 | --- | -- |

# हकृवि में 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' पर सात दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय स्थित उद्यान विभाग के सुनियोजित कृषि विकास केंद्र द्वारा 'सुनियोजित कृषि प्रौद्योगिकी' विषय पर सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ एस.के. पाहुजा मुख्यातिथि रहे। अनुसंधान निदेशक ने बताया कि किसानों को कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकी जानकारी देने के लिए आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 किसानों एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को ऑटोमेशन सिस्टम, ड्रोन का कृषि में उपयोग, टपका सिंचाई, वर्टिकल फार्मिंग, डिजिटल एग्रीकल्चर, पॉलीहाउस में



डॉ. एसके पाहुजा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए

फलों व सब्जियों का उत्पादन, उनका तुड़ाई उपरांत प्रबंधन, एक्वापॉनिक्स एवं वेजिटेबल ग्राफ्टिंग जैसे नवीनतम विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण-पत्र एवं बागवानी उपकरण किट प्रदान की गई। इस अवसर पर सब्जी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एस.के. तेहलान सहित डॉ डीएस दहिया, डॉ. राजपाल दलाल, डॉ. सुशील शर्मा, डॉ. सतपाल बलौदा, डॉ. प्रिंस, डॉ. विकास कंबोज, डॉ. आदेश कुमार एवं डॉ. विकास शर्मा मौजूद रहे।